हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 2 अप्रैल 2025



04 वीडियो में रंगोली से बनी भगवान की प्रतिकृति को...



05 जल संरक्षण व संवर्धन कर आने वाली पीढ़ी को...



### शक्ति की भक्ति में लीन हो रहे श्रद्धालु, देवी मंदिरों में उमड़ रहा आस्था का जनसैलाब

# मां बगलामुखी के दरबार में प्रतिदिन हजारों भक्त दर्शन कर करवा रहे हवन-अनुष्ठान











हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

नगर में स्थित पीताम्बरा सिद्धपीठ माँ बगलामुखी के दरबार में चैत्रीय नवरात्रि पर्व के इन दिनों में भक्तों की आस्था उमड़ रही है। नवरात्रि के दिनों में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु भक्त मां के दरबार में दर्शन व विशेष हवन - अनुष्ठान के लिये पहुंच रहे हैं वही मंदिर पर होने वाली मंगला एवं संध्याकालीन आरती में बड़ी संख्या में भक्तों द्वारा भाग लिया जा रहा है। पर्व के दिनों में मां बगलामुखी का प्रतिदिन विभिन्न रंगों की चुनर एवं आभूषणों के साथ श्रृंगार किया जा रहा है।

नगर में विश्व प्रसिद्ध पीतांबरा सिद्धपीठ पर सम्पूर्ण क्षेत्रवासी के साथ देश के कई स्थानों से भक्त मंदिर पहुंच रहे। मंदिर पर पर्व के प्रथम दिन से ही बड़ी संख्या में भक्त माता के दरबार पहुंच रहे हैं। माता भक्त नवरात्रि पर्व में शक्ति की भक्ति में लीन है। कोई पर्व के इन दिनों में उपवास की तपस्या कर रहा है, तो कोई नंगे पैर रहकर तपस्या में लीन है। तथा पूरा मंदिर प्रांगण हवन-अनुष्ठान के मंत्रोच्चार से गुंजायमान सुनाई दे रहा है। चैत्रीय नवरात्रि पर्व को लेकर माँ बगलामुखी मंदिर व परिसर विभिन्न प्रकार के पुष्पों से सुसज्जीत होकर अपनी छटा बिखेर रहा है। माता रानी की प्रतिदिन प्रातः 6 बजे मंगला आरती एवं 7.30 बजे होने वाली संध्याकालीन आरती में भी बड़ी संख्या में भक्तों द्वारा भाग लिया जा रहा है।

### लाभार्थी परिवारों का समिति द्वारा किया जा रहा सम्मान

विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर के समीप स्थित पीताम्बरा सेवा समिति के भंडारा परिसर में भंडारे के लाभार्थी परिवारों का सम्मान समिति सदस्यों द्वारा किया जा रहा है। इसी के साथ प्रतिदिन कन्या पूजन व कन्या भोज का आयोजन भी हो रहा है। शक्ति की आराधना के पर्व चैत्र नवरात्रि पर प्रति नवरात्रि अनुसार पीताम्बरा सेवा समिति द्वारा बाहर से आने वाले दर्शनार्थियों के लिए निःशुल्क भंडारे का आयोजन किया जा रहा है।

भंडारा परिसर में प्रतिदिन प्रातः माता रानी के चित्र के सम्मुख माँ बगलामुखी हवन हो रहा है। इसके पश्चयात प्रातः 9 बजे कन्या पूजन व कन्या भोज का आयोजन हो रहा है। तत्पश्चात भंडारा प्रारंभ होता है। जिसमें प्रतिदिन हजारों माता भक्तों द्वारा प्रसादी का लाभ लिया जा रहा है। इसके पूर्व कन्याओं का समिति सदस्य व अन्य भक्त गण पूजन कर उन्हें उपहार प्रदान कर रहे है तथा उन्हें भोजन करवा रहे है। नवरात्रि पर्व के दौरान भंडारा परिसर में प्रतिदिन समिति सदस्यों द्वारा लाभार्थी परिवारों का सम्मान कर मां बगलामुखी का चित्र स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट किया जा रहा है।

### नगर में चल समारोह निकाला गया

# गणगौर पर महिलाओं ने पति की लंबी आयु की कामना मांगी





हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

नगर में मंगलवार को गणगौर उत्सव पर्व मनाया गया। महिलाओं ने गणगौर माता की पूजा - अर्चना कर ईश्वर से अपने पति की लंबी उम्र की कामना की गई वही कुंवारी युवती द्वारा मनपसंद वर के लिए व्रत रखा गया। पर्व को लेकर महिलाओं ने नगर में चल समारोह निकाला गया।



गणगौर के इस पर्व में भगवान शिव - माता पार्वती की पूजा विशेष रूप से की जाती है। गणगौर व्रत कुंवारी लड़कियां मनचाहे पति के लिए और विवाहिताएं पति की शुभ, समृद्धि और लंबी उम्र की कामनाओं को लेकर करती है। मंगलवार को नगर में महिलाओं द्वारा बैंड बाजे एवम ढोल धमाकों के साथ गणगौर तीज पर चल समारोह निकाला गया। नलखेड़ा नगर के शिवाजी मार्ग वार्ड क्र. 13 की महिलाओं ने उर्मिला चिंतामन सोनी के निज निवास पर सभी महिलाओं ने गणगौर की हल्दी, मेहंदी लगाकर पूजा अर्चना की एवम दो बालिकाओ को दूल्हा- दुल्हन बनाकर ढोल द्वारा चल समारोह शिवाजी मार्ग से श्री गुप्तेश्वर महादेव तक निकाला गया।


जहां बाबा भोलेनाथ तथा माता पार्वती को हल्दी लगाकर बालिकाओ एवं महिलाओं द्वारा नृत्य गरबा किया गया। वार्ड की महिलाओं द्वारा श्रीमती उर्मिला चिंतामन सोनी के घर पर आकर गणगौर माता की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया।



### विभिन्न शासकीय स्कूलों में प्रवेशोत्सव मनाया गया

**नलखेड़ा।** मंगलवार को विकासखंड के सभी शासकीय स्कूलों में प्रवेशोत्सव मनाया गया। एकीकृत शासकीय हाई स्कूल भैंसोदा में विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश त्रिवेदी एवं बीएसी सतीश नागर व गांव के गणमान्य नागरिक की गरिमामयी उपस्थिति में नव प्रवेशी छात्र छात्रा का कुमकुम तिलक लगाकर पुष्पहार पहनाकर स्वागत कर निशुल्क पुस्तक वितरण कर प्रवेश उत्सव मनाया गया। बीईओ श्री त्रिवेदी द्वारा छात्र/छात्राओं का मार्गदर्शन कर शाला में नियमित उपस्थित होने हेतु प्रेरित किया गया। मंगलवार से नये शिक्षण सत्र की शुरुआत हुई माध्यमिक विद्यालय गुराड़िया खाती मे प्रवेशोत्सव के अवसर पर माँ सरस्वती की पूजा अर्चना सरपंच प्रतिनिधि मुकेश कुमार बेगाना ने की। अभिभावकों गणमान्य नागरिक शिक्षकों ने बच्चों को तिलक लगा कर स्वागत किया। शाला में नवीन प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर फूलमाला से स्वागत किया एवं पुस्तक प्रदान की गई। बच्चों को मध्यान्ह भोजन दिया गया। बालसभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्रधानाध्यापक राजेन्द्र सोनी शिक्षक प्रमोद कुमार जोशी दिनेश कुमार पाटीदार संजयसिंह यादव श्रीमती देव मालवीय उपस्थित रहे।

# मेले में नागरिक मनोरंजन के साधनों का ले रहे आनंद



**नलखेड़ा।** नगर में मालवा क्षेत्र का प्रसिद्ध सरस्वती माता का विशाल धार्मिक मेला चल रहा है जोकि अपने पूरे शबाब पर है। नागरिक जहाँ मेले में आये मनोरंजन के साधनों का आनंद उठा रहे है वही अपनी आवश्यकता अनुसार जमकर खरीददारी भी कर रहे है।

नगर के धरोला रोड़ पर श्रीनाथ धाम मंदिर के सामने ओम पंडित की भूमि पर नगर परिषद द्वारा आयोजित सरस्वती माता का धार्मिक मेला गत 20 मार्च से प्रारम्भ हुआ है जोकि आगामी 10 अप्रैल तक जारी रहेगा। मेले में मनोरंजन के हेतु बड़ो व बच्चों के लिए आकर्षक झूले नाव ट्रेन जैसे साधन है वही बच्चों के लिए मिक्की माउस छोटे झूले जैसे साधन उपलब्ध है। जिनका नागरिक जमकर लुफ्त उठा रहे है। मेले में विभिन्न सामग्रियों की दुकानें लगी हुई है जहाँ से नागरिक विशेषकर महिलाएं जमकर खरीददारी कर रही है। मेले में विभिन्न प्रकार के चटपटे व्यंजनों, साउध इंडियन ठंडे पेय की दुकानों में मनपसंद चीजों का सेवन कर रहे है। शाम ढ़लते ही बड़ी संख्या में नगरवासी अपने बच्चों के साथ मेले का लुफ्त उठाने के लिए पहुंच रहे हैं। नगर परिषद द्वारा मेले में उम्दा प्रकाश सफाई पेयजल व सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

### एसआई मालवीय का सेवानिवृत्ति समारोह संपन्न

# सर्विस की सीख जीवन में रखूंगा याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह के निर्देशन में मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में उपनिरीक्षक रामलाल मालवीय के सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में पुलिस अधीक्षक श्री सिंह द्वारा श्री मालवीय को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया और पुलिस विभाग में उनकी उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया। समारोह का संचालन रक्षित निरीक्षक सपना परमार द्वारा किया गया।

थाना कोतवाली आगर में पदस्थ रहते हुए उपनिरीक्षक रामलाल मालवीय ने अपने 38 वर्ष 3 माह 03 दिन के कार्यकाल के दौरान कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण के साथ पुलिस सेवा में योगदान दिया। उनकी सेवाओं को याद करते हुए




अनुविभागीय अधिकारी मोतीलाल कुशवाह ने कहा, श्री मालवीय ने अपने पूरे कार्यकाल में अनुकरणीय सेवा की मिसाल कायम की है। उनकी निष्ठा, साहस और पेशेवर दक्षता ने पुलिस विभाग को गौरवान्वित किया है। उनके द्वारा किए गए कार्य और उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। समारोह के दौरान श्री मालवीय के परिवारजन भी उपस्थित थे। समारोह में उपस्थित अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी श्री मालवीय के प्रति अपनी शुभकामनाएं व्यक्त कीं। सभी ने उनके स्वस्थ और सुखद सेवानिवृत्त जीवन की कामना की। श्री रामलाल मालवीय इंदौर जिले के मांगलिया गाँव के निवासी हैं। सम्मान समारोह के दौरान श्री मालवीय ने अपने सेवानिवृत्ति के अवसर पर सभी सहयोगियों का धन्यवाद किया और कहा, मैंने अपने कार्यकाल के दौरान जो भी अनुभव और सीख प्राप्त की है, उसे मैं हमेशा संजोकर रखूंगा। मेरे सहयोगियों का समर्थन और मार्गदर्शन हमेशा प्रेरणादायक रहा है।

### सेवा विवरण

श्री मालवीय ने पुलिस विभाग में दिनांक 27/12/1986 को जिला देवास में भर्ती होकर पीटीएस पंचमढ़ी में बुनियादी प्रशिक्षण प्राप्त किया। अपने 38 वर्ष 03 माह 03 दिन के कार्यकाल के दौरान उन्होंने जिला देवास और जिला आगर मालवा के थाना कोतवाली आगर, सुसनेर, नलखेड़ा, सोयत, कानड़ तथा पुलिस लाइन आगर में अपनी सेवाएँ प्रदान कीं। समारोह का समापन सभी उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा श्री मालवीय को शुभकामनाएं और धन्यवाद ज्ञापित करने के साथ हुआ। उनकी सेवानिवृत्ति पुलिस विभाग के लिए एक महत्वपूर्ण पल है और उनके योगदान को सदैव याद रखा जाएगा।



**खबर संक्षेप**

## तलाक के बदले रुपए मांगने से परेशान व्यक्ति ने पीया जहर

**देवास।** मंगलवार को एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी और ससुराल पक्ष पर तलाक के बदले 50 लाख रुपए मांगने का आरोप लगाते हुए जहर खा लिया। सिद्धार्थ नगर ईटावा निवासी देवराज परमार (38) ने यह कदम उठाया। समय पर अस्पताल पहुंचाने से उनकी जान बच गई। हालांकि, हालत गंभीर बनी हुई है।देवराज की शादी करीब आठ साल पहले हुई थी, लेकिन घरेलू विवाद के चलते मामला कुटुंब न्यायालय में विचाराधीन था। खास बात यह है कि देवराज खुद कुटुंब न्यायालय में चपरासी के पद पर कार्यरत थे। पत्नी द्वारा दर्ज कराए गए दहेज के मामले के कारण कुछ महीने पहले उन्हें निलंबित कर दिया गया था।घटना के समय देवराज खाना खाने के बाद अपने कमरे में चले गए और दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। जब काफी देर तक कोई हलचल नहीं हुई तो उनके पिता रतनलाल ने दरवाजा खटखटाया। अंदर से कोई जवाब न मिलने पर पड़ोसियों की मदद से दरवाजा तोड़ा गया। इस दौरान देवराज बेसुध पड़े थे और उनका शरीर काला पड़ने लगा था।देवराज को तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने इलाज शुरू किया। डॉक्टर्स के अनुसार उसकी हालत गंभीर है। जहर खाने से पहले देवराज ने एक वीडियो बनाया, जिसमें उन्होंने पत्नी और ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए। इसके अलावा, उन्होंने एक 5 पेज का सुसाइड नोट भी छोड़ा है, जिसमें उन्होंने अपनी पीड़ा व्यक्त की है।

### असिस्टेंट प्रोफेसर रंगवाला का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया में वायरल

# वीडियो में रंगोली से बनी भगवान की प्रतिकृति को प्रोफेसर ने पैरों से मिटाया

शिकायत के बाद प्रकरण दर्ज कर कलेक्टर ने कॉलेज से हटाने की बात कही।



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले के कन्नौद में सरकारी कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर का सीसीटीवी फुटेज मंगलवार को सोशल मीडिया में वायरल हुआ। वायरल वीडियो में राधा कृष्ण और तिरंगे झंडे की रंगोली को पैरों से रौंदते/मिटाते हुए दिखाई सहायक प्राध्यापक दिखाई दे रहा है। एबीवीपी की शिकायत के बाद आरोपी असिस्टेंट प्रोफेसर के खिलाफ केस दर्ज किया गया।कलेक्टर ऋतुराज ने आरोपी असिस्टेंट प्रोफेसर को कॉलेज से हटाने की बात कही हैं।दरअसल जिले के कन्नौद में सरकारी कॉलेज के प्रोफेसर की एक शर्मनाक तस्वीर सामने आई है।जहाँ कन्नौद के शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में पदस्थ केमिस्ट्री के असिस्टेंट प्रोफेसर जुजेर अली रंगवाला का एक सीसीटीवी फुटेज तेजी से वायरल हुआ। जिसमें वह कॉलेज में बनाई गई राधा कृष्ण और तिरंगा झंडे की रंगोली को पैरों से रौंदते/मिटाते हुए दिखाई दे रहा हैं। इतना ही नहीं उसके वाट्सअप स्टेटस के स्क्रीन शॉट्स भी वायरल हो रहे हैं। जिसमें कन्नौद नगर और भारत विरोधी आपत्तिजनक और विवादित पोस्ट लिखी हुई है।

केमिस्ट्री के असिस्टेंट प्रोफेसर जुजेर अली रंगवाला के खिलाफ एबीवीपी ने पिछले दिनों कॉलेज के प्रभारी प्रिंसिपल और कन्नौद टीआई को ज्ञापन सौंपे थे। जिसमें छात्र संगठन ने पुलिस को जुजेर अली रंगवाला की पैरों से रंगोली मिटाने वाली शर्मनाक हरकत के सीसीटीव फुटेज के साथ ही वाट्सअप एप स्टेटस के स्क्रीन शॉट्स भी दिए थे जिसमें आरोपी जुजेर अली द्वारा कन्नौद नगर एवं भारत को लेकर आपत्तिजनक और विवादित पोस्ट लिखी हुई थी।अब मामला गरमाते हुए देख कन्नौद पुलिस ने आरोपी असिस्टेंट प्रोफेसर जुजेर अली रंगवाला के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।वहीं कलेक्टर ऋतुराज ने भी मीडिया से बातचीत में आरोपी असिस्टेंट प्रोफेसर को कॉलेज से हटाने की बात कही है।कन्नौद पुलिस केस दर्ज करने के बाद पूरे मामले की जांच में जुट गई है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि रंगोली मिटाने वाला असिस्टेंट प्रोफेसर का यह वायरल सीसीटीव फुटेज कब का हैं।



कन्नौद थाना प्रभारी तहजीब काजी ने बताया कि 21 मार्च को मामला सामने आया था, जिस पर जांच कर 30 मार्च को बीएनएस की धारा 296 और 198 में प्रकरण दर्ज कर लिया गया हैं। काजी ने बताया कि केस दर्ज होने के बाद से आरोपी प्रोफेसर फरार है। प्रोफेसर जैर अली रंगवाला के विरुध्द एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने वायरल वीडियो के साथ प्रोफेसर के स्टेटस के विभिन्न स्क्रीन शॉट पर भी आपत्ति जताई है। बताया जाता है कि वीडियो 21 मार्च को वायरल हुआ था। वीडियो वायरल होने के 10 दिनों बाद 30 मार्च को आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है। कलेक्टर ने मामले की जांच की बात कही है।




# गुजरात के बनासकांठा की पटाखा फैक्टरी में विस्फोट

**जिले के 9 मजदूरों की मौत**



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

गुजरात के बनासकांठा जिले में डिसा नामक स्थान पर लगभग सुबह 8 बजे फटाखा फैक्टरी में बॉयलर फटने से कुल 18 मजदूरों की मृत्यु होने की सूचना प्राप्त है। इन 18 मृतकों में 09 मृतक देवास जिले के ग्राम संदलपुर, तहसील खातेगांव के निवासी होना बताए गए है। मृतकों के संबंध में तथ्यों की पुष्टी जिला प्रशासन बनासकांठा गुजरात से प्राप्त की जा रही है।

सूत्रों से प्राप्त सूचना के अनुसार मृतकों का विवरण इस प्रकार है। जिनमें लखन पिता गंगाराम भोपा उम्र 24 वर्ष, सुनीता पति लखन भोपा उम्र 20 वर्ष, केशरबाई पत्नि गंगाराम भोपा उम्र 50 वर्ष, राधा पिता गंगाराम भोपा उम्र 11 वर्ष, रुकमा पिता गंगाराम भोपा उम्र 8 वर्ष, अभिषेक पिता गंगाराम भोपा उम्र 5 वर्ष, राकेश पिता बाबूलाल भोपा उम्र 30 वर्ष, लाली पति राकेश भोपा उम्र 25 वर्ष, किरण पिता राकेश भोपा उम्र 5 वर्ष हैं। जिले से इन मजदूरों के साथ गए ठेकेदार पंकज अभी लापता है। जिला प्रशासन बनासकांठा गुजरात से अंतिम प्रतिवेदन प्राप्त होने की दशा में मृतकों की संख्या में फेरबदल संभव है। सूचना प्राप्त होते ही नायब तहसीलदार अखिलेश शर्मा के नेतृत्व में राजस्व एवं पुलिस का अमला घटना स्थल के लिए रवाना किया जा रहा है। घटना के संबंध में जिला बनासकांठा (गुजरात) से निरंतर संवाद कायम है।

## महिलाओं ने की गणगौर माता की पूजा



**देवास।** रामनगर में महिलाओं द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सामुहिक रूप से गणगौर माता की पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। राजरानी धूत ने बताया कि रामनगर स्थित माहेश्वरी के यहां आयोजन गणगौर पूजा में महिलाओं ने बढ-चढकर हिस्सा लेते हुए सामूहिक रूप से गणगौर उत्सव मनाया गया। महिलाओं ने श्रृंगार कर चुनरी व लहरिया पहनकर पार्वती और शंकर भगवान के स्वरूप गणगौर की पूजा की और गणगौर को पानी पिलाया। गणगौर प्रतिमा को सिर पर रखकर ढोल के साथ भ्रमण कराया। महिलाओं ने एक-दूसरे को झाले भी भेंट किए। विवाहिताओं ने सुहाग की रक्षा व युवतियों ने अच्छे वर की कामना के लिए शिव-पार्वती की पूजा की। इस दौरान महिलाओं द्वारा भजन भी किए गए, जिस पर महिलाओं ने नृत्य किया। इस अवसर पर ममता भदादा, तनु माहेश्वरी, संध्या धूत, हर्षला लाठी, चिचाणी भाभी सहित स्थानीय महिलाओं ने गणगौर की पूजा की।

# शराब की दुकान सामाजिक और धार्मिक स्थल से अन्य जगह स्थापित करने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



सामाजिक और धार्मिक स्थल से शराब दुकान हटाए जाने की मांग को लेकर मालवी सेन समाज धर्मशाला ट्रस्ट ने जिला आबकारी अधिकारी को ज्ञापन दिया। सेन समाज नगर अध्यक्ष महेश बोडाने ने बताया कि एबी रोड स्थित सेनेश्वर महादेव मंदिर मालवी सेन समाज धर्मशाला के पास एक शराब की दुकान हमारे सामाजिक एवं धार्मिक स्थल के समीप स्थित है।

यह दुकान न केवल धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचा रही है, बल्कि इससे समाज में नशे की प्रवृत्ति भी बढ़ रही है। पूर्व में भी दुकान को हटाने हेतु समय समय पर आवेदन दिए गए हैं। वर्तमान में पुनः निवेदन हैं कि उक्त शराब दुकान को स्थानांतरित जगह पर ही खोला जाए। इस शराब दुकान के कारण स्थानीय लोगों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पडेगा। धार्मिक स्थल आने-जाने वाले श्रद्धालुओं, महिलाओं और बच्चों को असुविधा होती है। शराब पीकर लोग असामाजिक गतिविधियों में लिप्त हो जाते हैं, जिससे क्षेत्र में अशांति का माहौल बनता है। युवाओं और बच्चों पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। समाजजनों ने मांग की है कि जनहित और समाज की शांति व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए शराब की दुकान को किसी अन्य उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित की जाए। इस दौरान रामेश्वर नागेश, कचरूलाल वर्मा, हेमंत वर्मा, जगदीश नागेश, कैलाश वर्मा, राजेन्द्र वर्मा, अजय वर्मा, राकेश बोडाने, अशोक चौहान, अशोक वर्मा, शंकरलाल वर्मा, जीतु चौहान, अनिल वर्मा सहित बडी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

### राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हुआ चयन

**देवास।** श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल की छात्राओं ने रग्बी प्रतियोगिता में बाजी मारी। खेल प्रशिक्षक सुनील मालवीय ने बताया कि विगत दिनों 6वीं जिला स्तरीय रग्बी प्रतियोगिता का आयोजन स्पोट्र्स पार्क, टाटा चौराहा पर हुआ। श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल की नीतिका चावड़ा, जेसिका परमार, साक्षी पहाडिय़ा, पूर्वा चावड़ा एवं अभेरी देशपांडे ने स्कूल की टीम का प्रतिनिधित्व किया। विद्यालय की खिलाडिय़ों का खेल इतना उत्तम रहा की खिलाडिय़ों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ। संपूर्ण विद्यालय खिलाडिय़ों की जीत से गौरवान्वित हो उठा। विद्यालय के एजीएम आसीबाबू यदाला, बीडीएम पीएस स्वामी, प्राचार्य ज्योतिर्मय दीकोंडा डीन हरि रेड्डी व अन्य सभी स्टाफ ने उज्जवल भविष्य की कामना की।

# बामनी मे आयोजित हो रही श्रीमद् भागवत कथा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

ग्राम बामनी मे सार्वजनिक रूप से चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथावाचक पूजा शर्मा पूंजापुरा ने कपिल अवतार, वराह अवतार एवं भगवान शंकर का पार्वती के साथ मंगल विवाह के प्रसंग पर चर्चा करते हुए कहा कि इस कलिकाल में मनुष्य को भगवत कथा ही मंगल प्रदान करती है तथा श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण से



हृदय रोग जैसी अनेक असाध्य बीमारी का भी इलाज हो जाता है। कथा सुनने से जगत की सारी व्यथा दूर हो जाती है।मंगलवार को कथा मे भगवान शंकर, मां पार्वती के विवाह की सजीव झांकी प्रस्तुत की गई। भगवान शंकर का रूप धारण कुमकुम सेधव ने किया। पार्वती का रूप राजनंदनी सेंधव ने धारण किया। भागवत कथा की आरती के मुख्य यजमान कृपालसिह सेधव सहपत्नि की। कथा में नगर व आसपास के सैकड़ों महिलाओं एवं पुरुषों ने भाग लिया।

# कैलादेवी मंदिर में आज से बृजरत्ना वंदनाश्री करेंगी आठ दिवसीय दृष्यमय भागवत कथा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

चैत्र नवरात्रि के पर्व पर कैलादेवी मंदिर उत्सव समिति द्वारा धार्मिक अनुष्ठानों के साथ 2 अप्रेल से 8 अप्रेल तक अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त भागवताचार्य बृज रत्ना वंदना श्री द्वारा दोपहर 3 बजे से श्रीमद भागवत कथा प्रारंभ होगी। कथा में वृंदावन के 40 कलाकारों द्वारा कथा प्रसंग की प्रस्तुति दी जाएगी। यह जानकारी कैलादेवी मंदिर में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों से चर्चा करते हुए वंदनाश्री ने दी। आपने आध्यात्मिक कथा के महत्व को प्रकट किया।




पत्रकारों का अभिवादन स्वागत समिति अध्यक्ष दुर्गेश अग्रवाल ने किया। समिति संयोजक रायसिंह सेंधव ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि 2 अप्रेल से 8 अप्रेल तक वंदनाश्री द्वारा होने वाली कथा में वृंदावन की अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त 40 कलाकारों द्वारा अनूठी प्रस्तुति दी जाएगी। 7 अप्रेल को रात्रि 8 बजे अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन होगा साथ ही इस दौरान भव्य भजन संध्या का भी आयोजन रखा गया है। इस वर्ष भागवत कथा मंदिर परिसर में होने जा रही है। प्रेस क्लब अध्यक्ष ललित शर्मा एवं आयोजक मन्नुलाल गर्ग ने समिति एवं प्रेस परिवार की ओर से वंदनाश्री को चुनरी ओढ़ाकर स्वागत किया। प्रेस वार्ता में दीपक गर्ग, हितेश गर्ग, मोहन श्रीवास्तव, रमण शर्मा सहित समिति के पदाधिकारी उपस्थित थे। प्रेस वार्ता का संचालन चेतन उपाध्याय ने किया तथा आभार जयेश गर्ग ने माना।

### स्कूल चले हम अभियान-2025 अंतर्गत आयोजित हुआ जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम

# शिक्षा और ज्ञान की बदौलत लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं:कलेक्टर





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास/बागली

शिक्षा और ज्ञान का हमारे जीवन में बहुत महत्व हैं। शिक्षा और ज्ञान की बदौलत हम अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। विद्यार्थी जीवन में कठिन परिश्रम करके पढ़ाई करना चाहिए और ज्यादा से ज्यादा शिक्षा और ज्ञान को अर्जित करना चाहिए, जिससे हमारे सभी सपने पूरे हो सकें। उक्त बातें कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने मंगलवार को उत्कृष्ट विद्यालय में स्कूल चलें हम अभियान-2025 अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में कही। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी हरिसिंह भारती, प्राचार्य उत्कृष्ट विद्यालय सुधीर कुमार सोमानी, शिक्षकगण, विद्यार्थीगण अन्य संबंधित उपस्थित थे। इस दौरान कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए ज्ञान प्राप्त करना बहुत जरूरी है। ज्ञान और शिक्षा हमारे जीवन के स्टेटस और रहन-सहन को बदल देता है।


उन्होंने कहा मैं यहां तक पहुंचा यह सब ज्ञान और शिक्षा की बदौलत ही संभव हो पाया है। उन्होंने बच्चों से कहा कि वे अपनी प्रतिभा को पहचाने और जिस क्षेत्र में उनकी रूचि है, उसको ध्येय बनाकर अपने जीवन को सार्थकता प्रदान करें और अपने लक्ष्य को हासिल करें। प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी विद्यालयों में 1 अप्रैल से नये सत्र का प्रारम्भ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के विद्यार्थियों का पुष्पहार व तिलक लगाकर स्वागत किया गया। कलेक्टर द्वारा निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण योजना अंतर्गत विद्यालय के विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तकों के सेट प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन संतोष स्वर्णकार ने किया एवं सुधीर कुमार सोमानी ने किया।उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राताातलाई में मनाया गया प्रवेश उत्सवबागली। शासन के निर्देश अनुसार नए शिक्षा सत्र का प्रारंभ 1 अप्रैल से किया जा रहा है।

इसी के तहत प्रत्येक विद्यालय में प्रवेश उत्सव मनाकर बच्चों को प्रवेश देना है। साथ ही 1 अप्रैल से नियमित कक्षाओं का संचालन भी करना है। इस अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राताातलाई में प्रवेश उत्सव मनाया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर व पुष्प हार पहनाकर प्रवेश दिया गया। साथ ही बच्चों को पाठ्य पुस्तके वितरीत की गई तथा मिठाई खिलाकर कक्षाओं का संचालन प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य दिनेश धानवे, कुंवरसिंह अजंते, नितिन पटेल, धीरेंद्र चौहान, करीना रंधावा, प्रमोद मोगरे, शरण काग, चैनसिंग जमरा, सोना वास्केल, पदमा भंडारी, देवेश पंवार, मिथिलेश भालेकर, नरसिंह चौहान, संदीप अहिरवार, रूपेश खराड़िया, लोकेश सिंह राजपूत उपस्थित थे।

### बच्चों को वितरित की गई किताबें

**चापडा।** शिक्षा विभाग व्दारा 1अप्रेल से नवीन शिक्षा सत्र प्रारंभ किया गया है। मंगलवार को शासकीय माध्यमिक स्कूल भमोरी में शिक्षक देवेन्द्र सिंह बैंस कि उपस्थित में प्रवेश उत्सव स्कूल में मनाया गया। इस दौरान स्कूल स्टाफ द्वारा बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया एवं किताबें वितरण की गई।इस दौरान स्टाफ भी उपस्थित रहा।

# प्रतिबंधित आदेश के उल्लंघन पर कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

चैत्र नवरात्रि पर्व की पवित्रता एवं धार्मिक भावना को ध्यान में रखते हुए महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल द्वारा नगर सीमा क्षेत्र में चिकन, मटन, मांस, अंडा एवं मछली के विक्रय एवं परोसने पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया गया था।

इस आदेश का उद्देश्य धार्मिक आस्थाओं का सम्मान करना तथा श्रद्धालुओं को सात्विक वातावरण उपलब्ध कराना था। नवरात्रि के दौरान इस प्रतिबंध के बावजूद कुछ प्रतिष्ठानों द्वारा आदेश का उल्लंघन करते हुए मांसाहारी खाद्य पदार्थों की बिक्री एवं परोसने की शिकायतें प्राप्त हुईं। इन शिकायतों की पुष्टि किए जाने के बाद स्वास्थ्य एवं खाद्य निरीक्षक हरेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा डोमिनोज पिज्जा, मदनी चिकन, जोया चिकन, मोहसिन चिकन सेन्टर मजहर (इटावा), इंडियन कॉफी हाउस का आकस्मिक रूप से निरीक्षण किया जाने पर इन प्रतिष्ठान पर मांसाहारी युक्त खाद्य पदार्थ विक्रय किया जाना पाया गया इनके विरुद्ध चालानी कार्यवाही की गई। नियमों का उल्लंघन करने वाले इन प्रतिष्ठानों पर 5 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया गया।

नगर निगम ने व्यवसायियों को चेताया कि वे प्रशासनिक आदेशों का पालन करें एवं धार्मिक आयोजनों की गरिमा बनाए रखने में सहयोग करें। भविष्य में किसी भी प्रतिष्ठान द्वारा ऐसे आदेशों का उल्लंघन किए जाने पर दुकान को सील करने की कार्यवाही की जाएगी।

खबर संक्षेप

## विधायक ने सुनी मोदी की मन की बात



**आष्टा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को रविवार को सभी बूथों पर सुना गया। आष्टा विधायक। गोपालसिंह इंजीनियर ने प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को प्रसारित होने वाला उक्त मन की बात कार्यक्रम आष्टा नगर के बूथ क्र 165 विधायक कार्यालय आष्टा पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का श्रवण किया। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा कि प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम में जो जानकारियां देश के नागरिको को अपने ओजस्वी उद्बोधन के माध्यम से दी जाती है, वो सदैव ही ऊर्जादायी और प्रेरणादायी होता है। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाडा सहित बूथ क्र 165 के कार्यकर्ता आदि उपस्तिथ थे।

## कमलादेवी ठाकुर का निधन, दी श्रद्धांजलि



**जावर।** भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष जयसिंह ठाकुर की माताजी एवं ग्राम पंचायत कुण्डिया नाथू के सरपंच राजा ठाकुर की दादी श्रीमती कमलादेवी ठाकुर 90 वर्ष की आयु में रविवार को निधन हो गया। स्व. कमलादेवी ठाकुर को मुखाग्नि उनके पुत्रों ने दी।

## खेती को बंजर होने से बचाना होगाः मीणा

**सीहोर।** आधुनिक युग में किसान अपनी खेती में खड़ी फसलों में कीटो को नियंत्रण करने और उत्पादन बड़ाने के लिए विभिन्न कंपनी की दवाईयां उपयोग कर रहे हैं, अगर इस पद्धति को नही सुधरा गया तो 15 - 20 वर्षों में किसान अपनी जमीन को नही बचा पाएंगे शिवशक्ति वायो ग्रुप द्वारा गाँव - गाँव जाकर किसान संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है जिसमें ग्राम सनकोटा में एक किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें ग्रुप लीडर शेरसिंह और नर्मदा प्रसाद ने किसान भाईयों को बताया जो कि अपनी परम्परागत खेती से भटक कर रसायनिक खाद एवं उर्वक की ओर चले गये है उसकी जानकारी दे कर बताया जा रहा है कि जैविक खेती में ही किसान भाईयों का भविष्य सुरक्षित है तथा कम कीमत में जीवाणु भूमि की संरचना को सुधारते है जैविक खाद एवं दवाईयों के प्रयोग से भूमि की उर्वक शक्ति बढती है और किसान मित्र कीटों एवं जीवाणुओं की संख्या बढती है जो कि भूमि के लिये अति आवश्यक है।रासायनिक खाद एवं कीट नाशकों के प्रयोग से भूमि की स्थिति खराब हो रही है।

# ग्राम भंवरा में दो अखंड ज्योति वाले अनोखे दुर्गा दरबार में लग रहा भक्तों का तांता

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



किसी ऐतिहासिक तथ्य को प्रमाणित करने के लिए उसके मौजूदा भगनावशेष ही पर्याप्त होते हैं। क्योंकि किसी स्थान की ऐतिहासिकता-पुराणिकता का बखान तो उसके पुरावशेष इस पंक्ति के द्वारा बयां करते हैं कि- खंडहर बता रहे हैं इमारत बुलंद थी' यह उक्ति मप्र के सीहोर जिले की आष्टा तहसील के ग्राम भंवरा (वर्तमान नाम), माताजी का भंवरा, इलाही माता का भंवरा और गढ़ भंवरा (प्राचीन नाम) के लिए पर्याप्त है। वैसे ग्राम भंवरा तहसील या जिलास्तर पर किसी पहचान का मोहताज नहीं है, लेकिन पुरातात्विक, ऐतिहासिक और धार्मिक दृष्टि से संपन्न और वैभवशाली रहे ग्राम भँवरा के इतिहास के पन्नों से धूल हटाने के प्रयास आजादी के इतने वर्षों बाद भी न होना चिंता का विषय है। प्रशासनिक उदासीनता, राजनीतिक इच्छाशक्ति का अभाव और विकास कार्यों का वास्तविक प्रकाश ग्राम भंवरा तक न पहुंच पाना इसके मूल कारण रहे हैं।

शक्ति स्वरूपा मां जगदम्बिका का देश में एकमात्र द्वि-अखण्ड ज्योति दरबार म.प्र. के सीहोर जिले की आष्टा तहसील के ग्राम भँवरा में लगा है। इंदौर-भोपाल राजमार्ग पर आष्टा तहसील मुख्यालय से चार किलोमीटर दूर जताखेड़ा जोड़ से दिर्क्षण की ओर 17 कि.मी. दूर विंध्याचल पर्वत से लगा हुआ ग्राम भँवरा है। पुरातात्विक साक्ष्यों के अनुसार यहां पर स्थित माताजी का मंदिर लगभग 2500 वर्ष पुराना है। पुरातत्व के अनुसार मंदिर के जीर्णोद्धार के दौरान मिले शिलालेख पर पाली भाषा में मंदिर की ऐतिहासिकता का प्रमाण मिलता है। यहां शिलालेख वर्तमान में जिला संग्रहालय में रखा है। ग्राम भँवरा के चारों ओर 2 से 5 कि.मी. के दायरे में बसाहट के भी अनेक प्रमाण मिलते हैं। ऐसा कहा जाता है कि ग्राम भँवरा का वास्तविक नाम गढ़ भँवरा था, जिसकी पुरानी आबादी लगभग 96 हजार बताई जाती है। ग्राम के चारों ओर कृषि भूमि और खेड़ा पर अनेक प्राचीन मूर्तियां, इमारतों के खंडहर और बावडिय़ाँ भूमि की जुताई एवं खुदाई से प्राप्त होते हैं। भँवरा का प्राचीन स्वरूप (बसाहट) गढ़ भँवरा के रूप में इसी खेड़ापति जिस पर मटमैली सीमेंटनुमा मिट्टी की एक अलग ही वृहद परत बनी हुई है। जिसका उपयोग वर्तमान में ईंट बनाने व मकान निर्माण कार्यों में किया जाता है। खुदाई के दौरान यही पर आज भी प्राचीन बसाहट के वृहद साक्ष्य मिलते है।

### गढ़ भंवरा से औरंगजेब उलटे पैर लौटा

ऐसी मान्यता है कि जब भारत वर्ष में ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक विरासतों, स्थलों को तहस-नहस के बर्बर-घृणित-वीभत्स अभियान में मूर्तिभंजक औरंगजेब लगा हुआ था, तब वह गढ़ भंवरा भी पहुंचा था। औरंगजेब ने तय कर रखा था कि वह हिन्दुओं के प्रत्येक देव स्थल के सम्मुख जाएगा और तीन आवाज लगाएगा, अगर उसे वहां से किसी चमत्कारी स्थान की अनुभूति होगी, तो उसे नष्ट नहीं करेगा। जब औरंगजेब ने गढ़ भंवरा में माँ दरबार के सम्मुख आवाज लगाई तो उसे कुछ विशेष अनुभूति हुई और वहां पर दण्डवत प्रमाण करते हुए इलाही नाम से संबोधित करके गया। तभी से लंबे समय तक भँवरा को इलाही माता का भँवरा के रूप में भी पुकारा जाने लगा। शिलालेख पर औरंगजेब के समय की मुहर उत्कीर्ण होने के प्रमाण मिले थे, जो दो दशक पूर्व मंदिर के जीर्णोद्धार (गांव नागल) के समय नष्ट हो गए। कुछ वर्ष पूर्व यहां माताजी के गर्भगृह में ही निर्माण कार्य के दौरान तीन पिंडीनुमा मूर्तियां निकली, जिन्हें वर्तमान में वैष्णोदेवी के रूप में पुकारा जाता है और माँ इलाही के साथ वैष्णवी धाम भी कहा जाता है।

### राजा वीरसेन का साधना केंद्र भंवरा

बाबू देवकीनंदन खत्री लिखित उपन्यास चंद्रकांता संतति के अनुसार आष्टा के राजा वीरसेन का गढ़ भँवरा में तांत्रिक साधना केंद्र था। 1982-83 में आष्टा के एसडीओ एस. खींची ने इस उपन्यास का संदर्भ देते हुए एक लेख भी समाचार पत्रों में प्रकाशित किया था, जिसमें उल्लेख था कि ग्राम भँवरा में माँ दुर्गा मंदिर, शिवालय, बावड़ी एवं कुंड आदि का लंबे समय तक तांत्रिक साधना केंद्र के रूप में उपयोग किया जाता रहा। ग्राम की बड़ी बसाहट एवं अभी भी विद्यमा पुराने स्थान पर इस बात की पुष्टि करते हैं, जिसमें सात-आठ स्थान प्रमुख है, जो यहां के ऐतिहासिक प्रमाणों का सजीव दर्शन कराते हैं।

### लगता है पांच दिवसीय मेला

महापूजन के एक दिन पहले से ही पांच दिवसीय मेला प्रारंभ होता है, जिसमें आसपास के दूरदराज के गांवों से भी लोग भाग लेने आते हैं और माताजी के दर्शन करते हैं। पिछले वर्ष की गई मन्नत के पूर्ण होने पर अपनी श्रद्धापूर्वक भेंट चढ़ाते हैं और प्रसाद वितरण करते हैं। ग्राम भँवरा में खुदाई एवं निर्माण के दौरान अनेक हिन्दू धर्म की मूर्तियां एवं जैन धर्म की मूर्तियां प्राप्त होती रही है। अनेक मूर्तियां खंडित स्वरूप में भी प्राप्त हुई है। यहां पर निकलने वाली अनेक मूर्तियां जिला संग्रहालय सीहोर में जिला संग्रहालय की आभा बढ़ा रही है।

### जल संवर्धन अभियान के तहत हुई जीवन दायिनी मां पार्वती नदी की सफाई

# जल संरक्षण व संवर्धन कर आने वाली पीढ़ी को जलसंकट से बचाएंः रायसिंह

प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत सभी की सहभागिता जल स्रोतों की सफाई और रखरखाव कार्यों के अच्छे परिणाम दिलवाने में सहायक होगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत सभी की सहभागिता जल स्त्रोतों की सफाई और रखरखाव कार्यों के अच्छे परिणाम दिलवाने में सहायक होगी। जल संसाधनों का संरक्षण और पुर्ननिर्माण जीव-जंतुओं सहित मनुष्यों के जीवन के लिए आवश्यक है। प्रदेश की नदियां, सरोवर और अन्य जल स्त्रोत हमारे जीवन के आधार हैं। इनके संरक्षण, पुनर्जीवन और प्रभावी प्रबंधन के लिए सरकार और समाज दोनों को सजग रहने की जरूरत है। इस आशय के विचार नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने शंकर मंदिर स्थित पार्वती नदी तट से जल गंगा संवर्धन अभियान के शुभारंभ अवसर पर व्यक्त किए।

नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मेवाड़ा ने कहा कि जल, पृथ्वी, पर्वत, नदी, पेड़-पौधों में जीवंतता है और वे हमारे लिए पूज्यनीय हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत सभी लोग एकजुट होकर जितना हो सके जल का संरक्षण एवं संवर्धन अवश्य करें और अपनी भावी पीढ़ी को विशेष उपहार दें, जिससे उन्हें जल संकट का सामना न करना पड़ें। उन्होंने कहा कि पेड़ और मनुष्य एक-दूसरे के पूरक हैं। पेड़ों के बिना मनुष्य का जीवन संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि नागरिकों के सहयोग के बिना यह अभियान संभव नहीं है। सबको आगे आकर जल संवर्धन एवं संरक्षण हेतु प्रयास करना होगा। नाव से की नदी की सर्चिंग - अभियान के शुभारंभ अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने नपा के जलशाखा प्रभारी उपयंत्री पी.के. साहू सहित अन्य कर्मचारियों की मौजूदगी में नाव में बैठकर नदी की लगभग 5 किलोमीटर तक सर्चिंग की, जिसके दौरान अवैध रूप से विद्युत मोटर नदी में डालकर पानी की चोरी की जा रही थी। यह देख त्वरित नपाध्यक्ष प्रतिनिधि ने नपा की टीम को कार्यवाही करने को कहा और नतीजा यह रहा कि सर्चिंग के दौरान एक विद्युत जल मोटर को जब्त किया गया। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि ने साफ किया नदी किनारे का कचरा - जल संवर्धन अभियान का शुभारंभ नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने नगर की जीवन दायिनी मां पार्वती नदी के किनारों से कचरा साफ कर नगरवासियों को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया, वहीं जलस्त्रोतों के आसपास साफ-सफाई रखने हेतु जागरूक किया। इस दौरान छोटी-छोटी पन्नी, पूजा सामग्री सहित पूजा में उपयोग किए जाने वाले वस्त्रों को किनारों से दूर कर साफ-सफाई की गई।

नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने सभी नगरवासियों से इस महत्वपूर्ण अभियान में अपनी सहभागिता निभाने की अपील की, वहीं जलस्त्रोतों जैसे नदी, तालाब को साफ रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आग्रह भी किया। इस



अवसर पर उपयंत्री प्रमोदकुमार साहू, रमेश यादव, राजेश घेंघट, प्रहलाद वर्मा, कैलाश बागवान, सुभाष सिसौदिया, अरूण विश्वकर्मा, मनीष किल्लौदिया, हरनाथसिंह मालवीय, कपिल वर्मा, आकाश मेवाड़ा सहित नपा कर्मचारी मौजूद थे।

# विधायक ने जल गंगा संवर्धन अभियान का किया शुभारंभ

ग्रामीण को वितरित किए प्रमाण-पत्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

राज्य शासन के निर्देशानुसार सोमवार को आष्टा विधानसभा क्षेत्र में 30 मार्च से 30 जून तक चलने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान का आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने ग्राम पंचायत खड़ी हाट से शुभारम्भ किया गया।

30 मार्च से जनपद आष्टा की प्रत्येक ग्राम पंचायत में उक्त अभियान चलेगा। उक्त अभियान का आष्टा जनपद की ग्राम पंचायत गोपालपुर, चिंनोठा, चामसी, टीटोरिया, बैजनाथ, खामखेड़ा, सेवदा, शम्भूखेड़ी, बगड़ावदा में शुभारम्भ हुआ जिसमें आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, मनोहर पटेल, मंडल अध्यक्ष सुनील आर्य, पूर्व अध्यक्ष भगवानसिंह आदि उपस्तिथ रहे। सभी ग्राम पंचायतों में पीएम आवास योजना ग्रामीण के हितग्राहियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किये गये।इस अवसर पर बैजनाथ में लगभग 13 लाख के विकास कार्यो की भी सौगात लोकार्पण एवं भूमिपूजन कर विधायक श्री गोपालसिंह इंजीनियर ने दी। इस अवसर पर जल संरक्षण की सभी को शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर विधायक श्री गोपालसिंह इंजीनियर ने अपने संबोधन में कहा की जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण एवं संवर्धन से संबंधित खेत, तालाब, अमृत सरोवर, परकोलेशन टैंक, डगवेल, तालाब जीर्णोद्धार, जनभागीदारी के कार्य, कूप एवं बाउंड्री मरम्मत के कार्य किए जाएंगे।

जल गंगा संवर्धन अभियान का प्रमुख उद्देश्य जनभागीदारी से जल संरक्षण तथा संवर्धन सुनिश्चित करना है। इस अभियान के अन्तर्गत समाज की भागीदारी तथा और विभिन्न सहयोगी विभागो की समेकित पहल से मुख्यत जल संरक्षण संरचनाओं के निर्माण, भूजल संवर्धन, पूर्व से मौजूद जल संग्रहण संरचनाओं की साफ सफाई एवं जीर्णोद्धार करना है। इसके साथ ही जल स्त्रोत में प्रदूषण कम करना, साफ सफाई करना, पौधरोपण के कार्य किए जाएंगे। जल संरक्षण जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस अभियान का क्रियान्वयन अनेक विभाग मिलकर करेंगे।

## ईदगाह पहुंचकर विधायक व नपाध्यक्ष प्रतिनिधि ने दी ईद की शुभकामनाएं



**आष्टा।** ईद उल फितर के मौके पर जनप्रतिनिधि, नेता गणों ने ईदगाह पर उपस्तिथ होकर शहर काज़ी का स्वागत किया और समस्त मुस्लिम भाइयो क्रो ईद बधाई दी। स्वागत करने वालों में विधायक गोपाल इंजीनियर कमल सिंह चौहान जिला पंचायत सदस्य पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश परमार नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा हरपाल सिंह ठाकुर विनीत सिंघी सोभाल भैया मिया सिंह ठाकुर मुलगी धर्मेंद्र सिंह ठाकुर जितेन सिंह ठाकुर शोभा खेड़ी ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेंद्र परमार घनश्याम जांगड़ा इदरीस मंसूरी राजकुमार मालवीय रसीद नेता नइम इद्दीन जाहिद गुड्डू सलीम अंसारी महेन्द्र ठाकुर टीपा खेड़ी रामचंद्र देवरिया प्रदीप प्रगति नोसे खा आदि लोग मौजूद थे।

## तहसीलदार प्रेमनारायण परमार बने आगर डिप्टी कलेक्टर



**नलखेड़ा।** सामान्य प्रशासन विभाग मध्य प्रदेश शासन द्वारा मंगलवार को आदेश जारी करते हुए नलखेड़ा के तहसीलदार प्रेमनारायण परमार को कार्यवाहक डिप्टी कलेक्टर के पद पर पदोन्नत किया है। श्री परमार अब बतौर डिप्टी कलेक्टर अपनी सेवाएं जिला आगर मालवा में देंगे। श्री परमार बडौद में भी तहसीलदार के पद पर रहे हैं। लंबी कानूनी लड़ाई के बाद श्री परमार को यह सफलता प्राप्त हुई है। श्री परमार का प्रमोशन का आदेश आते ही राजस्व विभाग सहित उनके इष्टमित्रों परिचितों द्वारा श्री परमार को बधाई शुभकामनाएं दी गई व उनकी इस पदोन्नति पर हर्ष व्यक्त किया है।

# नववर्ष पर खाचरोद में निकला चल समारोह



हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

गुड़ी पड़वा हिंदू नव वर्ष के अवसर पर अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल प्रखंड खाचरोद द्वारा हिंदू नव वर्ष के अवसर पर बैंड बाजों व अखाड़े के साथ भव्य जुलूस निकाला गया। जिसमें रोला गांव बड़कोला रामपुरा उदयपुर पिपलिया खड़ी आदि गांव के कार्यकर्ताओं द्वारा अखाड़े में अपने करतब दिखाए गए। जुलूस बस स्टैंड से शुरू होकर ग्राम के मुख्य मार्ग से होता हुआ बाजार में पहुंचा जहां पर कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस मौके पर मुख्य अतिथि प्रांत सह मंत्री प्रकाश परमार, जिला उपाध्यक्ष मुकेश परमार, जिला महामंत्री मदन राजपूत, जिला व्यापारी परिषद नवीन, प्रखंड अध्यक्ष देवेंद्र ठाकुर, मांगीलाल ठाकुर, जितेंद्र मुकाती, हरेंद्र ठाकुर, हरिओम ठाकुर, गोलू ठाकुर, जितेन ठाकुर, शंकर पेरवाल, फूल सिंह नेता, विट्ठल दास व आसपास ग्रामीण क्षेत्र के बजरंग दल कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### ईद उल फितर की नमाज के बाद दिन भर चला ईद की बधाई का दौर

# ईदगाह पर अमन चैन की दुआओं के साथ हुई ईद की नमाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा/जावर



अल्लाह से देश में शांति और तरक्की के साथ-साथ आपसी भाईचारा कायम रहे की दुआ के साथ मौलाना नौशाद खान जुल्फी ने ईद-उल-फितर की नमाज अदा कराई। नमाज़ से पूर्व उपस्थित धर्मलंबियों को अपने अपने बयानात में फरमाया कि आपसी मत भेद को दूर कर इस अवसर का लाभ उठाएं और अपनी खुशियों को दुगना करें सभी को ईद की मुबारकबाद दे, जिसमें जाति धर्म का बंधन ना हो। अल्लाह के नबी पर जिन्होंने पत्थर फेके थे आपने उन पर भी फूल बरसाए हैं।

इस अवसर पर मो अकबर सिद्दीकी ने बताया कि नमाजे ईद के बाद एक दूसरे से गले मिलकर मुबारकबाद पेश की गई एवं ईदगाह कमेटी के संयोजन में तौसीफ शेख सदर इशाक मंसूरी, शाहरुक शेख, इरशाद शाह, अरशद शेख, द्वारा सेवइयां सल्पाहार आयोजित कर श्रीमती सुमन बाथम तहसीलदार, एस एल मालवीय स.उप.नि. पुलिस थाना जावर,मनीष शर्मा, मनोज वैद्य अध्यक्ष प्रतिनिधि नगर परिषद, संजय अजमेरा, शैलेश वैद्य पूर्व अध्यक्ष नगर परिषद, दयाराम परिहार के साथ-साथ शहर काजी अजीजुल रहमान खान, मौलाना शाहिद उद्दीन, मौलाना नौशाद खान जुल्फी, का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर जाकिर हुसैन, पप्पू मंसूरी, असलम कुरैशी, बबलू शेख, नौशाद खान सदर, अहद सिद्दीकी, अब्दुल अजीज खान मंसूरी, जाहिद मिर्जा, मकसूद शाह, सलीम जावेद कुरैशी, यूनुस बैग, अदनान हुसैन आदि उपस्थित थे।

### घरों में चला सेवाइयों का दौरा

ईद की खुशी के मौके पर घरों पर एक दूसरे को आमंत्रित कर सेवाइये खिलाई जा रही थी त्योहार को लेकर बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला बच्चे खुशियों के साथ एक दूसरे को बधाई देते हुए चल रहे थे और अपने बड़ों नाते रिश्तेदारों से बच्चों को खूब ईदी नगद राशि भी प्राप्त हो रही थी।



### बोहरा समाज ने मनाया त्योहार

**आष्टा।** बोहरा समाज द्वारा ईद मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शेख मु. मुस्तफा ने नमाज़ अदा करवाई। प्रमुख नमाज़ सुबह 7:30 बजे अदा की गई, जिसमें समाज के सभी लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ईद की नमाज़ के बाद समाजजन गले मिलकर एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद देते नजर आए। इस अवसर पर महिलाओं और बच्चों में भी खासा उत्साह देखा गया।इस दौरान मोहम्मद साहब ने अपने संदेश में कहा कि जरूरतमंदों की सहायता करना इस पर्व का प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने समाजजन को रमजान माह के दौरान गरीबों को भोजन, वस्त्र और आवश्यक वस्तुएं दान करने की प्रेरणा दी।समारोह में समाज के प्रमुख सदस्य हुसैन भाई, खोजेमा सैफी, शेख अलमदार भाई, शेखुद्दीन भाई, बाबू भाई, जुजर भाई, मुस्तफा भाई, युसूफ भाई, होजेफा भाई, अजीज सैफी, हुसैन सैफी सहित समस्त बोहरा समाजजन उपस्थित रहे।

### सूखा राहत प्रकोष्ठ कंट्रोल रूम स्थापित

**सीहोर।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री द्वारा जारी आदेशानुसार चालू ग्रीष्मकाल में पेयजल शिकायतों की सूचना प्राप्त कर संकलित करने, संबंधितों को प्रेषित करने, प्राप्त शिकायतों पर की गई कार्यवाही का विवरण संकलित करने एवं ग्रामीण पेयजल व्यवस्था की मॉनिटरिंग से संबंधित समस्त जानकारी संकलित करने के लिए खण्ड सीहोर, उपखण्ड सीहोर, आष्टा, बुधनी, भैरूंदा के अन्तर्गत सूखा राहत प्रकोष्ठ-2025 (कन्ट्रोल रूम) का गठन किया गया है। यह प्रकोष्ठ दो पारियों में रहेगा। इसके लिए अलग-अलग शासकीय सेवकों की ड्यूटी लगाई गई है तथा प्रकोष्ठ प्रभारी भी बनाए गए हैं।

## करणी सेना के बैनर तले मुख्यालय पर एकत्रित हुआ जिले का राजपूत समाज

# राजपूत सरदारों ने यूपी के राज्यसभा सांसद का पुतला फूंक सौंपा ज्ञापन

### सांसद रामजीलाल की राज्यसभा सदस्यता को निरस्त करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

उत्तर प्रदेश के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा विगत दिनों महाराणा सांगा के खिलाफ दिए गए बयान की पूरे देश में सर्वत्र निंदा की जा रही है। सांसद सुमन द्वारा एक वीर महापुरुष के विरुद्ध दिए गए बयान से न केवल पूरे देश के राजपूतों में रोष व्याप्त है वहीं अन्य समाजों द्वारा भी तीखी निंदा की जा रही है।

इसी कड़ी में मंगलवार दोपहर श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के बैनर तले जिले भर के विभिन्न स्थानों से राजपूत समाजजन मुख्यालय पर एकत्रित हुए। यहां खिलचीपुर नाके पर धरना देने के उपरान्त शिवाजी चौक पर सांसद सुमन के पुतले पर लात-घूंसे चलाते हुए उसे आग के हवाले कर दिया। इसके साथ ही समाजजनों द्वारा सुमन के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी गई। इसके उपरान्त सभी ने राष्ट्रपति के नाम का एक ज्ञापन तहसीलदार अनिल शर्मा को सौंपा।



इस ज्ञापन में सांसद सुमन की राज्यसभा सदस्यता तत्काल प्रभाव से निरस्त करते हुए उन पर राजद्रोह का मुकदमा चलाने की मांग की गई है। इसके साथ ही मांग रखी गई कि सांसद सुमन को संसद के पटल से सार्वजनिक रूप से पूरे देश से मांफी मांगनी चाहिए। महापुरुषों के खिलाफ दुष्प्रचार एवं राष्ट्रविरोधी वक्तव्यों पर यदि कठोरतम कार्यवाही नहीं की गई तो यह न केवल लोकतंत्र के लिए घातक होगा बल्कि इतिहास को तोड़-मरोड़कर पेश करने वालों को भी खुली छूट मिलेगी।

#### यह रहे मौजूद

इस विरोध प्रदर्शन के दौरान श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के संभाग अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह खिंची, जिलाध्यक्ष जीतेंद्र सिंह सोनगिरा, तहसील अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह राठौड़ सहित दीपेंद्र सिंह चौहान, मनोज हाड़ा, विजयपाल भाटी, कमलसिंह सोनतिगरा, बृजराज सिंह खिंची, पदमसिंह, प्रियवृत सिंह, लाला बना, सुरेंद्र सिंह हाड़ा, नरेंद्र सिंह, हरपाल सिंह, सोनूसिंह, जीतेंद्र सिंह, रामबाबू राजपूत सहित अन्य उपस्थित रहे।

#### यह था सांसद सुमन का विवादित बयान

21 मार्च को राज्यसभा में गृह मंत्रालय के कामकाज की समीक्षा के दौरान चली बहस में सांसद सुमन ने कहा था कि राणा सांगा ने इब्राहिम लोदी को हराने के लिए मुगल सम्राट बाबर को भारत में आमंत्रित किया था। ये तो बीजेपी के लोगों का तकिया कलाम हो गया है कि मुसलमानों में बाबर का डीएनए है। आगे उन्होंने कहा था कि इब्राहिम लोदी को हराने के लिए राणा सांगा ने बाबर को भारत बुलाया था तो मुसलमान तो बाबर की औलाद हैं और तुम गद्दार सांगा की औलाद हो।

## नपा की दमकल और वनकर्मियों ने पाया आग पर काबू

# जालपा पहाड़ी के समीप वनक्षेत्र में लगी आग



**राजगढ़।** गर्मी का मौसम आते ही क्षेत्र में आगजनी की घटनाएं तेज होती जा रही हैं। पिछले दिनों तंवरवाड़ क्षेत्र के कुछ गांवों सहित राजगढ़ के पार्क की सूखी झाड़ियों में भभकी आग के बाद मंगलवार को फिर से आगजनी की घटना हुई। इस बार जालपा माता पहाड़ी के समीप भाटपुरा जोड़ के वनक्षेत्र की सूखी घास में अज्ञात कारणों से लगी आग धीरे-धीरे बढ़कर काफी क्षेत्र में फैल गई। आसपास से काफी धुआं उठता देख ग्रामीणों द्वारा तुरंत इस बात की सूचना नगर पालिका को दी गई। लेकिन, उस समय राजगढ़ नपा की फायर ब्रिगेड एक अन्य स्थान पर लगी आग को बुझाने में लगी हुई थी। ऐसे में दूसरी फायर बिग्रेड मौके पर पहुंचाई गई वहीं वन अमला भी घटनास्थल पर पहुंच गया। वन अमले के पास भी आग बुझाने हेतु फायर इंजन व अन्य साधन मौजूद थे। सामुहिक प्रयासों से काफी समय की मषक्कत के बाद अंततः आग पर काबू पाया जा सका। ईष्वरीय कृपा से इस आगजनी में कोई जनहानि नहीं हुई है।

## गोमांस पकाने की सूचना पर मस्जिद पहुंचा प्रशासन, लिए सैंपल



**राजगढ़।** स्थानीय तोपखाना गली स्तिथ मस्जिद में गोमांस पकाए जाने की सूचना पर पुलिस, प्रशासन को मिली थी। त्यौहार पर इस सूचना को गंभीरता से लेते हुए मंगलवार रात्रि पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। दरगाह के अंदर मांस तो पकता मिला लेकिन वो गोमांस है या अन्य किसी और पशु का मांस, इसकी बात की पुष्टि के लिए खाद्य विभाग की टीम को मौके पर बुलवाया गया जिन्होंने उक्त खाद्य पदार्थ के सैंपल लिए। रात्रि 9:30 बजे तक यह कार्यवाही जारी रही। इस दौरान मौके पर एसडीएम रत्नेश श्रीवास्तव, एसडीओपी अरविंद सिंह, तहसीलदार अनिल शर्मा, टीआई उमाशंकर मुकाती समेत पुलिस बल तैनात रहा। मामले की संवेदनशीलता को देखते इस संपूर्ण कार्यवाही की वीडियोग्राफी भी करवाई गई। अधिकारियों का कहना है की सैंपल की जांच रिपोर्ट आने के बाद आगामी कार्यवाही होगी।

## नव संवत्सर पर फहराया केसरिया ध्वज



**जीरापुर।** नगर में उत्साह के साथ नव संवत्सर मनाया गया। नव संवत्सर विक्रम संवत 2082 को लेकर हिंदू संगठनों द्वारा नगर में जगह-जगह केसरिया ध्वज पताका, स्वागत द्वार लगाये गये जिससे पूरा नगर केसरिया नजर आया एवं नव संवत्सर को लेकर हिंदू संगठनों में खासा उत्साह दिखाई दिया - जिन्होने तिलक लगाकर लोगों शुभकामनाएं दी। नगर परिषद द्वारा हिंदू नव संवत्सर नये साल के स्वागत नगर में आतिशबाजी कर एक दूसरे को नये साल की शुभकामनाऐं दी। गीता स्वाध्याय मंडल ने सूर्य को अर्ध देकर निकाली रैली स्थानीय सांदीपनी गीता स्वाध्याय मण्डल द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस बार भी हिंदू नव संवत्सर बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया इस मौके पर स्वाध्याय मंडल द्वारा नगर के छॉपीबांध पर भगवान सूर्य नारायण को अर्ध दिया एवं सूर्य उपासना, पूजा अर्चना की जाकर आरती की गई तद्उपरांत मंडल के सभी सदस्य कतारबद्ध होकर छापीबांध से रैली निकाली गई जो नगर के प्रमुख मार्ग से होते हुए किशनगढ़ मंदिर पर पहुंची इस दौरान हिंदू नव वर्ष की एक दूसरे को शुभकामनाऐं दी गई। इस रैली का नेतृत्व सेवानिवृत्त शिक्षक रमेशचंद्र नागर द्वारा किया गया रहे। इस मौके पर गीता स्वाध्याय मण्डल अध्यक्ष घनष्याम भिलाला, नरवरसिंह पंवार, ललित जोशी, गिरिराज गुप्ता, खेमचंद सोनी, सत्यनारायण गुप्ता, नंदकिशोर जानोरिया, दामोदर बरोंज, हरिश तिवारी, मनीष गुप्ता, रमेशचंद्र सोनी आदि सदस्यगण उपस्थित थे।

## हवन आरती के साथ अखंड रामायण स्थापना दिवस मनाया

**सारंगपुर।** नगर के प्रसिद्ध कपिलेश्वर तीर्थ धाम पर स्थित रामायण मंदिर में स्थापित राम नाम बैंक पर हिंदू नव वर्ष के अवसर पर अखंड रामायण का स्थापना दिवस के साथ दिव्य एवं भव्य रूप से राम नाम लेखन कराया गया। इसके पूर्व हवन कर महाआरती की गई। समिति की और से भंडारे का आयोजन भी किया। इस दौरान नगर के सभी सनातनी धर्म प्रेमी बंधु सम्मिलित हुए। उल्लेखनीय यह है कि कपिलेश्वर तीर्थ धाम पर कपिलेश्वर तीर्थ विकास एवं भजन मंडल समिति के संस्थापक अध्यक्ष कुमेंर सिंह सोलंकी एवं सचिव कैलाश शर्मा सहित समिति के सदस्यों द्वारा द्वारा 14 वर्ष पूर्व अखंड रामायण प्रारंभ की गई थी इस रामायण मंदिर में गत वर्ष राम नाम बैंक की स्थापना भी की गई उस बैंक में लगातार लोग राम नाम लिखकर जमा कर रहे हैं राम नाम बैंक में जोड़ने के लिए मनोज पुष्पद राजेश झंकार की टीम ने नगर वासियों से संपर्क कर हिंदू नव वर्ष की बेला में भव्य दिव्य रूप से राम नाम लेखन का कार्य किया।

# पुराने जल स्त्रोत की सफाई कर जल संवर्धन अभियान की शुरुआत की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

मध्य प्रदेश शासन द्वारा प्रदेश में नदी कुआं, तालाब, बावड़ी आदि जल स्त्रोत की सफाई और संरक्षण के उद्देश्य से प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरुआत की गई है। यह अभियान 30 मार्च से 30 जून 2025 तक लगातार तीन महीनों तक सतत संचालित रहेगा। इस अभियान की शुरुआत नगर में क्षेत्रीय विधायक हजारीलाल दांगी के मुख्य आतिथ्य में पीपल्दा रोड खाड़ी वाले बालाजी मंदिर के समीप नदी एवं प्राचीन घाट की सफाई की।

सर्वप्रथम विधायक ओर परिषद सदस्यों द्वारा मंदिर में बालाजी का पूजन एवं घाट पर जल गंगा की पूजन आरती कर अभियान की शुरुआत की। पूर्व मंडल अध्यक्ष विष्णुसिंह पवांर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, हेमंत जोशी पार्षद प्रतिनिधि शिवचरण मंडलोई, शम्भू वर्मा कमल झावा एवं देवकीनंदन जमींदार आदि जनप्रतिनिधिगण परिषद सदस्य एव गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवम कर्मचारियों द्वारा नदी और घाट पर सफाई हेतु श्रमदान कर जल के अपव्यय को रोकने एवं जल स्त्रोत को स्वच्छ रखने और उनके संरक्षण का संकल्प लिया।

इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिओम शर्मा उपयंत्री ब्रजेश उपाध्याय ओंकार मंडलोई, विशाल दांगी, कमल भावसार, भगवान सिंह परिहार, जितेंद्र तिवारी, हनुमान तिवारी, आजाद झावा, महेश झावा, मनीष आदि अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सभी को एकजुट होकर सहयोग करना चाहिए

# लिंबोदा गोशाला में विधायक ने किया टीन शेड का भूमिपूजन



**खुजनेर।** श्री कृष्ण गो शाला सेवा समिति द्वारा लिम्बोदा गो शाला में टीन शेड निर्माण का भूमि पूजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक अमर सिंह यादव, जनपद अध्यक्ष फूल सिंह तंवर द्वारा किया गया। विधायक अमर सिंह यादव द्वारा संबोधित करते हुए कहा बिना जन सहयोग से गो शाला सुचारू रूप से नही चल सकती। सभी को एकजुट होकर सहयोग करना चाहिए और समिति के सदस्यों के कार्य की सहारना करते हुए कहा अंगद जी जैसे पैर जमा के रखना गौ सेवा के लिए समिति द्वारा उत्तम कार्य किया जा रहा। जिसमे दुर्गालाल किरार सरपंच कमल यादव, दीपक किरार समिति अध्यक्ष, राम चाँवला समिति सचिव ,जितेंद्र सिंह सचिव अशोक कारपेंटर ,राहुल कारपेंटर देवसिंह ,गिरिराज सेन, नारायण सिंह, सवालसिंह सहित आदि समिति के सदस्य और ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## जिले भर में उल्लास के साथ मनाया गया त्योहार

# ईद की नमाज में मांगी खुशहाली और चैनो-अमन की दुआ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

रमजान के मुबारक 30 दिनी रोजे पूर्ण होने पर सोमवार शाम चांद नजर आने मंगलवार को ईद का त्योहार संपूर्ण जिले में उत्साह, उमंग और उल्लास के साथ मनाया गया। ईद का चांद नजर आने के बाद रात्रि में ही आतिशबाजी और खुशियों का दौर शुरू हो गया। मंगलवार सुबह मुख्यालय के पुरा क्षेत्र स्थित ईदगाह में नगर के सैकड़ों मुस्लिमजनों द्वारा ईद की विशेष नमाज अदा करते हुए मालिक से देश में अमन, चैन और भाईचारे की दुआ मांगी। ईदगाह की नमाज उपरान्त बाबा बदख्सानी की दरगाह, बांस वाली मस्जिद सहित अन्य मस्जिदों में नमाजें अदा की गई है। नमाज उपरान्त सभी ने एक-दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। ईद की त्यौहार पर बच्चे ज्यादा ही उत्साहित नजर आए वहीं बढ़ों ने उन्हें ईदी भेंट की।

#### कांग्रेस और नपा ने किया स्वागत

ईदगाह के समीप जिला कांग्रेस के तत्वावधान में मुस्लिमजनों के स्वागत, अभिनंदन के लिए कार्यक्रम रखा गया। नमाज उपरान्त पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर, हेमराज कल्पोनी सहित अन्य इंकाजनों ने मुस्लिमजनों के गले मिलकर उन्हें ईद की मुबारकबाद दी। इसी तरह बाबा बदख्सानी की दरगाह और मस्जिद में नमाज पढ़ने आए लोगों के लिए नगर पालिका ने भी स्वागत कार्यक्रम आयोजित करवाया।

## लायंस क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर शाह की मौजूदगी में बैठक का हुआ आयोजन

**सारंगपुर।** गत दिवस लायंस क्लब सारंगपुर, पचोर उड़ान, खिलचीपुर एवं लायंस क्लब नरसिंहगढ़ के संयुक्त तत्वावधान बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन मनीष शाह उपस्थित रहे। इस दौरान डिस्ट्रिक्ट गवर्नर शाह के साथ सारंगपुर लायंस क्लब की अध्यक्ष लायन प्रभा पालीवाल एवं अन्य क्लबों के अध्यक्ष, रीजन चेयरपर्सन डॉ. आर.एम. शुक्ला, झोन चैयरपर्सन लायन सुषमा गोयल को मंचासिन किया गया। सारंगपुर क्लब में इस वर्ष की अभी तक हुई गतिविधियों का प्रतिवेदन सचिव लायन अंजलि जोशी ने प्रस्तुत किया और संचालन महेश शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर ओपी विजयवर्जीय नागेश विजयवर्गीय, राजेंद्र पालीवाल, ममता शर्मा, रूपा बरकिया, प्रदीप जोशी, मधु चौहान सहित पचोर, खिलचीपुर नरसिंहगढ़ क्लब के सदस्यगण उपस्थित थे।

# हिंदू नव वर्ष गुड़ी पड़वा के साथ-साथ आराध्य देव महर्षि गौतम की जयंती मनाई



**छापीहेड़ा।** स्थानीय गायत्री मंदिर परिसर में गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज द्वारा अपने आराध्य देव महर्षि गौतम की जयंती एवं गुड़ी पड़वा हिंदू नव वर्ष मनाया गया। विदित हो कि गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज द्वारा नगर में प्रथम बार महर्षि गौतम जयंती का आयोजन किया गया महर्षि गौतम जयंती मनाने के लिए पुरुष एवं महिला कार्यकर्ताओं द्वारा समाज के सभी घरों पर जाकर इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए पहले चावल देकर निमंत्रित किया गया था। जिसके फल स्वरुप रविवार शाम 7, बजे गायत्री मंदिर परिसर पर सभी समाज जन इकट्ठे हुए कार्यक्रम का प्रारंभ महर्षि गौतम का पूजन कर छोटे बालक बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक भक्ति भजन पर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में खिलचीपुर से आए गुर्जर को ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी दिनेश शर्मा काका, देवेंद्र शर्मा आचार्य, राधेश्याम शर्मा, रविंद्र शर्मा एवं मातृशक्ति के रूप में कुमुद शर्मा उपस्थित थे अतिथियों के द्वारा समाज को एकता के सूत्र में हम कैसे बांध सकते हैं इस पर समाज का मार्गदर्शन किया और कहां की हम सौभाग्यशाली है कि हमें समाज के पूजनीय सम्माननीय ब्राह्मण कुल में हमारा जन्म हुआ इसलिए हम और हमारे बच्चों को संस्कार शिक्षित करने के साथ-साथ ऐसी मिसाल बने जो एक समाज के सामने उदाहरण हो मातृशक्ति के रूप में अतिथि कुमुद शर्मा ने मातृ शक्तियों से आवाहन किया कि वर्ष भर मनाये जाने वाले त्योहार समाज की सभी मातृशक्ति इकट्ठा होकर मनाएं और बच्चों को मोबाइल से दूर रखें कार्यक्रम दौरान समाज की बुजुर्ग 70 वर्ष से लेकर 100 वर्ष की मातृ शक्तियों को अतिथियों और समाज के द्वारा पुष्प माला से सम्मानित किया गया इसके पश्चात महर्षि गौतम की महाआरती की गई इस कार्यक्रम में जयदीप कौशिक,आयुष शर्मा का सराहनीय योगदान रहा कार्यक्रम का संचालन श्याम बिहारी कौशिक एवं आभार स्वदेश शर्मा ने माना अंत में सभी समाज बंधुओ ने सम्मिलित होकर सहभोज किया।

# खिलचीपुर मंडल की नवीन कार्यकारिणी का हुआ गठन



**खिलचीपुर।** प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा, संगठन मंत्री हितानद शर्मा, जिला प्रभारी सुरेंद्र शर्मा, शीला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, सांसद रोड माल नागर, विधायक हजारीलाल दांगी की सहमति से भारतीय जनता पार्टी मंडल खिलचीपुर के नवीन कार्यकारिणी की घोषणा हुई। जिसमें अध्यक्ष बद्री लाल दांगी के नेतृत्व में बवलू सोनी, रमेश चंद्र शर्मा, ओम प्रकाश गुप्ता, आरती शर्मा, जगदीश दांगी प्रेम नारायण मालाकार को उपाध्यक्ष पद पर भारत सिंह तोमर, बलराम मेधवाल महामंत्री ओर रमेश चंद्र दांगी, ज्योति मालाकार, राय सिंह गुर्जर, सुमित्रा दांगी, पूनम पहाड़िया, राधा वाल्मीकि को मंत्री पद पर वहीं सुनील रामकरण शर्मा कोषाध्यक्ष, महेश मालाकार मीडिया प्रभारी, रामकरण सोलंकी सोशल मीडिया प्रभारी, अंकित गवली को आईटी सेल एल कर सिंह सोंधिया को कार्यालय मंत्री पद पर नियुक्त किया गया।

## लीलाधर पुष्पद की नवमी पुण्यतिथि पर निःशुल्क प्याऊ का शुभारंभ



**सारंगपुर।** देवलिया परिवार एवं श्री साईं सेवा समिति के तत्वावधान में जनमानस की सेवा में नगर पालिका सारंगपुर के प्रभारी सीएमओ दीपक रानवे द्वारा पूजा अर्चना कर निशुल्क प्याऊ का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हेमेंद्र सोलंकी, समाजसेवी राधेश्याम राठौर महेश पाटीदार संतोष पुष्पद लोकेश पुष्पद सहित अन्य मौजूद थे। इस अवसर पर श्री साईं सेवा समिति संस्थापक महेश प्रजापति ने सभी अतिथियों का दुप्पटा पहना कर स्वागत सम्मान किया गया तथा मोमबत्ती जला कर पुष्पांजलि देकर स्वर्गीय इल्लु पुष्पद को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## मुफ्ती शाकिर फलाही कासमी ने दिया भाई चारे का संदेश

# ईद का उत्साह सौहार्द की मिसाल ईदगाह में अदा की नमाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा/ सुठालिया

खुदा की बारगाह में झुके सर मुस्लिम धर्मावलंबियों ने अदा की ईद उल फितर की नमाज। मुस्लिम समाज के पवित्र रमजान महीने के रोजो व इबादत के उपरांत ईद उल फितर का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

ईद के त्यौहार को लेकर विगत एक सप्ताह से मुस्लिम धर्मावलंबी तैयारियों में लगे हुए थे। रविवार शाम को ईद का चांद नजर आने पर सोमवार को ईद की नमाज अदा की गई। अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन के सदर इकबाल हुसैन ने बताया की ईद की नमाज के लिए 3 स्थानों का चयन किया गया था, जिसमें ईदगाह पर सुबह 9 बजे, हुसैनी मस्जिद में सुबह 9.15 बजे और जामा मस्जिद में सुबह 9.30 बजे ईद उल फितर की नमाज अदा की गई। प्रशासन ने ईदगाह पर और मस्जिदों में नमाज की अदायगी के लिए सफाई, पानी, यातायात और सुरक्षा के बेहतरीन इंतजाम किए। ईदगाह पर ईद की नमाज के पूर्व अपने अपने उदबोधन में मदीना मस्जिद के इमाम मुफ्ती शाकिर फलाही कासमी ने कहा कि इस्लामी शिक्षा ऊंच-नीच और छुआछूत को समाप्त करने और समस्त मानवजाति को भाई-भाई बनकर जीवन व्यतीत करने का आव्हान करती हैं। अंतिम संदेष्टा हजरत मुहम्मद रसुलअल्लाह सल्लाहो अलैहि वसल्लम का कथन है, समस्त मानवजाति एक ईश्वर की निर्मित और एक मां-बाप की संतति है उनसे घृणा नही प्रेम करो, उन्हे निराश नही आशावान करो। ईदगाह पर ईदुल फितर की नमाज जामा मस्जिद के इमाम अरशद खान द्वारा अदा करवाई गई। ईद की नमाज के पूर्व ईदगाह पर अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन के द्वारा मदीना मस्जिद में संचालित मकतब अल फलाह के छात्रों द्वारा अपने हाथों से पवित्र कुरान शरीफ लिखने वाले 6 छात्रों को पारितोषिक देकर नवाजा गया है।





#### सुठालिया में भी हर्षोलास से मनाया गया ईद का पर्व

*सोमवार को ईद-उल-फितर का त्योहार पूरे उत्साह के साथ मनाया गया नगर के लाला झिरी रोड स्थित ईदगाह में एक साथ नमाज अदा की। रविवार शाम 6 से 7 बजे के बीच ईद का चांद नजर आने के बाद त्योहार की तैयारियां शुरू हो गई शहर काजी बालुद्दीन ने नमाज अदा कराई। उन्होंने कहा कि ईद प्रेम, शांति और भाईचारे का त्योहार है। उन्होंने शहर में अमन-चैन की दुआ की और सद्भावना बनाए रखने की अपील की। सुरक्षा बल तैनात रहा प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। पुलिस ने सुरक्षा बल तैनात किए। मुस्लिम समाज ने 30 दिन के रोजे और तरावीह की नमाज के बाद ईद का त्योहार मनाया एवं एक-दूसरे को गले मिलकर मुबारकबाद दी। इस मौके पर थाना प्रभारी प्रवीण जाट पटवारी सुनील यादव रहे उपस्थित रहे।*